SA-03

June - Examination 2019

B.A. Pt. II Examination

काव्य तथा संस्कृत साहित्य का इतिहास

Paper - SA-03

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 70**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **7 × 2 = 14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) कुमारसम्भवम् में कुमार किसका नाम है?

(ii) पार्वती का अपर्णा नाम कैसे प्रसिद्ध हुआ?

(iii) रघुवंश में राजा दिलीप किस ऋषि के आश्रय में आते हैं?

(iv) दिलीप जिस गाय की सेवा करते हैं वह किसकी पुत्री है और उसका नाम क्या है?

(v) पार्वती ने किस वृक्ष को अपने पुत्र के समान स्नेह से पाला था?

(vi) वाल्मीकि ने रामायण किस छंद में लिखी है?

(vii) अश्वघोष के महाकाव्यों के नाम लिखिये।

खण्ड – ब $4 \times 7 = 28$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंकों का है।

2) निम्न में से किसी एक श्लोक की व्याख्या हिन्दी भाषा में कीजिए।

(i) मनीषिताः सन्ति गृहेषु देवातास्तपः क्व वत्से क्व च तावकं वपुः।
पदं सहेत भ्रमरस्य पेलवं शिरीषपुष्पं न पुनः पतत्त्रिणः।।

(ii) तं सन्तः श्रोतुमर्हन्ति सदसद्व्यक्ति हेतवः।
हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकापि वा।।

3) दिलीप द्वारा की गयी गौ सेवा का वर्णन कीजिए।

4) कुमारसम्भवम् के पञ्चम् सर्ग के आधार पर शिव–पार्वती के परस्पर संवाद पर लेख लिखिए।

5) रामायणकालीन संस्कृति पर एक लेख लिखिये।

6) 'उपमाकालिदासस्य' रघुवंश के द्वितीय सर्ग के आधार पर सिद्ध कीजिये।

7) 'बाणभट्ट गद्य के निष्णात कवि हैं इसे स्पष्ट कीजिये।

8) महाभारतकालीन राजनैतिक व्यवस्था पर एक लेख लिखिये।

9) कालिदास के प्रकृति–चित्रण पर एक लेख लिखिए।

खण्ड – स **2 × 14 = 28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

10) 'कुमारसम्भवम्' में कालिदास ने सूक्तियों के द्वारा अपनी बात को प्रमाणिकता प्रदान की है' इस विषय पर लेख लिखिए।

11) 'नैषधं विद्वद्दौषधम्' के आधार पर नैषधचरितम् पर एक लेख लिखिये।

12) 'नवसर्गगतेमाघे नव शब्दो न विद्यते' के आधार पर माघ की शब्दचयन योजना पर एक लेख लिखिये।

13) रामायण व महाभारतकालीन सामाजिक संस्कृति की परस्पर तुलना कीजिये।